हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 अनादि भाषा संस्कृत का भारतीय संस्कृति...

12 लाभ संतृप्ति शिविर में जनजातीय परिवार ...




## खबर संक्षेप

### ग्राम भर्रीटोला 36 में नवीन स्कूल भवन की मांग, आज तालाबंदी

**डोंडी।** हायर सेकेंण्ड्री स्कूल भर्रीटोला 36 के नवीन स्कूल भवन स्वीकृति के लिए अनिश्चितकालीन तालाबंदी 01 जुलाई से भर्रीटोला के समस्त ग्राम वासियों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का तालाबंदी का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें बताया गया कि ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 में हायर सेकेंण्ड्री स्कूल विगत 35 वर्ष पूर्व से हाई स्कूल भवन में संचलित है जोकि पूरी तरह से जर्जर हो गया है और छत का मलवा गिर रहा है जहां पर बच्चों की दर्ज संख्या प्रतिवर्ष 350 से अधिक रहता है कुल कक्षा कि संख्या 10 कक्षाओं में सचलित होती है पिछले वर्ष से स्कूल दो पालियों में सचंलित कि जा रही है जिसमें संचालन करने में शाला परिवार शाला प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत को भारी समस्यों का सामना करना पड़ रहा है। विगतवर्षों से जर्जर भवन के नवीन निर्माण के लिए लगातार शासन प्रशासन से मांग कि जारी है लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा हमारी मांगों को नज़र अंदाज करते हुये बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे भूब्द हो कर ग्राम सभा ने स्कूल में तालाबंदी का निर्णय पारित किया गया है।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों का मुंह मीठा कराके किया स्वागत



**डौंडीलोहारा।** शासकीय हाईस्कूल संबलपुर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण कर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को अच्छी पढ़ाई हेतु प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन दिया गया। अतिथि क्रम में जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, सरपंच रेणु गायकवाड, उपसरपंच तमेश साहू, समिति अध्यक्ष अभय साहू,सभापती विरेंद्र निरोटी , ग्राम प्रमुख तोमन लटिया , सदस्य येमन निषाद, सुरेंद्र गायकवाड सहित शाला प्राचार्य वाई के आर्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### गुपचुप ठेले वाले से रंगदारी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि राजीव नगर गौरा चौरा खुर्सीपार निवासी अजीत गुप्ता शासकीय स्कूल खुर्सीपार जोन 2 के पास गुपचुप ठेला लगाता है। 19 जून की रात उज्जवल जायसवाल, उपवन जायसवाल और उसके दो साथी ठेले में गुपचुप खाने पहुंचे थे। गुपचुप खाने के बाद उज्जवल से पैसा मांगने पर रंगदारी दिखाने लगा और पैसा नहीं दिया।

## विरोध : मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या के फौरन निदान करने की मांग की

# खाद की किल्लत पर कांग्रेस बिफरी किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समितियों मे खाद की कमी के विरोध व दर्जनभर से अधिक ग्रामो को मुख्य मार्ग मे जोड़ने वाला ग्राम परसदा से जगन्नाथपुर तक की उबड़ खाबड़ व जर्जर हो चुकी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने चक्का जाम करते हुए धरना प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण की बजट मे स्वीकृति के दो साल बाद भी सड़क नही बनने से नाराज ग्रामीणो के साथ जिला कांग्रेस कमेटी व विधायक संगीता सिन्हा ने सोमवार को सड़क मे चक्का जाम करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

जिलो के किसानों को मांग के अनुरुप खाद नही मिल पा रहा है, किसान काम छोड़कर समिति के चक्कर गा रहे है, वहीं करीब 4 किलोमीटर के इस परसदा से जगन्नाथपुर मार्ग मे सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि वाहन चालक इस मार्ग से गुजरने के लिए सोचने को मजबूर होते है फिर भी वाहन चालको को इस उबड़ खाबड़ सड़क मे आवागमन करना पड़ता है। जबकि इस सड़क को बजट मे स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन राशि आबंटित नही की जा रही है।

करीब दर्जन भर से अधिक ग्रामो को बालोद अर्जुन्दा मुख्य मार्ग मे जोड़ने का काम करने वाला इस मार्ग मे दर्जन भर आवागमन रहता है। प्रतिदिन जिला मुख्यालय आने व अन्य कामो से दर्जनभर से अधिक ग्रामो के ग्रामीण आवागमन इसी मार्ग से करते है। इस दौरान कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता व ग्रामीण धरना प्रदर्शन स्थल मे सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे और सरकार द्वारा ग्रामीणो को झूठा आ"वासन देने व ग्रामीणो की समस्या दूर नही करने से नराज दिखे। वही इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा के द्वारा किये जा रहे धरने के बीच स्कूली छात्रएं विधायक के पास पहुंचकर मार्ग मे आने जाने मे होने वाली समस्याओ व इससे उनके पढ़ाई मे पड़ने वाले असर के बारे मे बताया।




### सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया और अन्य खादों की कमी, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बालोद/कलंगपुर।** सोमवार को छग प्रदेश, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के द्वारा सोसायटीयों में खरीफ फसल के लिए डीएपी, यूरिया एवं अन्य आवश्यक खाद की भारी किल्लत एवं निजी विक्रेताओं द्वारा खाद की कालाबाजारी कर मनमाने दर पर विक्रय करने के विरोध में सेवा सहकारी समिति कलंगपुर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार गुंडरदेही कोमल ध्रुवव को सौंपा गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने ज्ञापन में कहा है कि किसानों को पहले तो बीज के लिए भटकना पड़ा, जैसे तैसे व्यवस्था करके बोआई कार्य किये हैं। अब आवश्यक रासायनिक खाद डीएपी, यूरिया, ग्रोमोर, सुपर फॉस्फेट एवं पोटाश की सभी सोसायटियों में भारी किल्लत है जबकि निजी खाद विक्रेताओं के पास आसानी से पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है, जिसे कालाबाजारी कर मनमाने दर पर बेचा जा रहा है और किसान नगदी में खरीदने विवश हैं। इससे भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है क्योंकि व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए सोसायटियों में कृत्रिम खाद संकट पैदा किया गया है। मुख्यमंत्री जी से मांग किया गया है कि तत्काल सोसायटियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जाए,अन्यथा आगामी 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में रायपुर में जवान–किसान–संविधान सभा के माध्यम से भाजपा सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष एवं पूर्व प्राधिकृत अधिकारी तरुण साहू, प्रतापचन्द जैन, वरिष्ठ किसान नेता बलदुराम साहू, पूर्व सरपंच अश्वनी सोनकर, ओमप्रकाश यादव, मोजीराम साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर

- कलंगपुर अंचल में कृषि कार्य प्रभावित, किसान परेशान

### ब्लाक की सोसाइटियों में खाद की किल्लत, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**अंडा।** प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किया जाना था, किन्तु सहकारी समितियों में आज किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मामले को लेकर काँग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश के सेवा सहकारी समितियों के सामने किसानों के साथ प्रदर्शन कर रहे है। पीसीसी अध्यक्ष श्री दीपक बैज के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ( ग्रामीण) राकेश ठाकुर के नेतृत्व में इसी बीच किसानों के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में काँग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर ने सेवा सहकारी समिति कुथरेल ,अंडा, कोड़ियां,नगपुरा, निकुम , बोरिगारका, उतई , थनौद , तिरगा, आलबरस, कोलिहापुरी रसमडा , मतवारी, खोपाली, मचान्दूर पहुँचे। ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर के नेतृत्व में आज पूरे दुर्ग ग्रामीण में सेवा सहकारी समितियां के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है साथ ही मांग पूरा करने ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है। पूरा दुर्ग जिले में हो रहे प्रदर्शन पर अध्यक्ष श्री प्रदीप चन्द्राकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### प्रदर्शन में हुए शामिल

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख, रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, कृष्णा देवांगन, नन्द कुमार सेन, धरम साहू, रूपेश देशमुख रोहित साहू, घसिया राम देशमुख,शिव नारायण दिल्लीवार, लोकनाथ साहू, पुकेश चन्द्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा,प्रवीन चन्द्राकर,मनोज चन्द्राकर, राकेश हिरवानी , विकास चन्द्राकर, जगदीश दीपक , जामवंत साहू,मोती राम साहू, हेमंत, गुलशन चन्द्राकर,गंगा राम, रमेश, धर्मेन्द्र, रामकिशन, दिनेश, चमरू, रेखराज चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### रेंगाडबरी में खाद की कमी किसानों ने किया प्रदर्शन

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी सोसाइटी में खाद की कमी को लेकर किसानों द्वारा सोमवार को किसान कुटीर भवन में सभी किसानों ने एकत्रित होकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सोमवार को धरना प्रदर्शन की शुरूआत किया, किसानों ने बारिश में छाता ओढ़ कर अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे एवं खाद की उपलब्धता न होने से सोसायटी परिसर व चौक चौराहों में नारेबाजी किया गया रेंगाडबरी समिति के अंतर्गत ग्राम रेंगाडबरी, चिलमगोटा, टुण्डेकुण्डेल, जुन्नापानी, फिरतुटोला, नंगुटोला, अन्नुटोला के किसानों को सोसाइटी में खाद नहीं मिलने से किसानों ने भारी आक्रोश जताया गया, बता दे कि किसान खेत में धान बुवाई करके खाद के लिए तरस रहे किसानों द्वारा दो-तीन दिन पहले अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन सौंपा गया था परंतु अभी तक खाद नहीं आने से किसानों द्वारा सोमवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रेंगाडबरी के सोसाइटी में द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया, धरना प्रदर्शन में किसान दराज खान, इंद्रपाल तुमरेकी, मानदाता नायक, विनोद कुमार सिन्हा, फगुआ राम निषाद ग्राम पटेल रेंगाडबरी, पदमा भंडारी, तोमेश्वरी निषाद, केशव साहू,मदन माहला, तोरणलाल कृषाणे,नंदू भंडारी,खेलू राम इस्दा, उबलाल रावटे, अल्ली राम रावटे, उमाशंकर नायक, जयप्रकाश जमडार, नंदलाल पटेल, सोहन लाल सिन्हा, हेमकुमार रावटे, चितराखन विश्वकर्मा सहित सैकड़ों महिला किसान भी मौजूद रहे। रेंगाडबरी सोसायटी के प्रभारी प्रबंधक रुद्र नारायण देशमुख ने बताया कि सोसाइटी में डीएपी और यूरिया की कमी है, पहले एक गाड़ी डीएपी और दो गाड़ी यूरिया आया था उसे वितरण किया जा चुका है, कुछ दिन पूर्व 500 बेग डीएपी आया है, जो कि अपर्याप्त है, किसानों ने और खाद आने के पश्चात ही साथ में वितरण करने कहा है।

## स्केच आर्टिस्ट तोषेन्द्र छत्तीसगढ़ युवा कला रत्न सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम दुधली (मालीघोरी) निवासी स्केच आर्टिस्ट तोषेन्द्र कुमार साहू को बिलासपुर में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ युवा कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रमतला में बिलासपुर मीडिया द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम दो दिनों तक चला। 28 जून को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और 29 जून को विजेताओं का सम्मान और साथ में विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। तोषेन्द्र कुमार साहू ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ युवा कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रवीण झा एवं फिल्म निर्माता जेठू राम साहू रहे। आयोजन की प्रमुख भूमिका पुष्पा साहू और अमित कुमार की रही।

## जैन कालेज के तीन छात्रों को सेट में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय ने शैक्षणिक उपलब्धियों की एक और नई मिसाल पेश की है। महाविद्यालय के तीन पूर्व छात्रों ने हाल ही में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (SET) 2025 उत्तीर्ण कर संस्थान को गौरवान्वित किया है।

समाजशास्त्र विषय से करण कुमार और हनीश तथा वाणिज्य विषय से देबोलीना भट्टाचार्जी ने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षकीय क्षेत्र में कदम बढ़ाया है। SET परीक्षा छत्तीसगढ़ के शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पद के लिए पात्रता तय करती है। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय के बीएससी अंतिम वर्ष (बायो एवं गणित वर्ग) का परीक्षा परिणाम 100% रहा। इस कक्षा के सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए हैं। स्नातक की तीनों प्रमुख धाराओं (बीए,



बीएससी, बीकॉम) में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

#### छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी

बीएससी तृतीय वर्ष में देवेंद्र गुप्ता ने 73.55% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष में रश्मि सिंह नायक ने 72.51% अंकों के साथ टॉप किया। बीकॉम तृतीय वर्ष में मनीषा ने 65.94% अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता सिंह एवं समस्त प्राध्यापकों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सेट परीक्षा में पूर्व छात्रों की सफलता से नेमीचंद जैन कॉलेज गौरवान्वित बड़ी उपलब्धिः बीएससी में शत-प्रतिशत रिजल्ट, तीन पूर्व छात्रों ने **SET** परीक्षा पास की . नेमीचंद जैन महाविद्यालय के विद्यार्थियों की चमक, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## गुरुर ब्लाक के गांवों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन आज 15 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय जागरूकता सह लाभ संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिले के गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों मे 01 जुलाई से 15 जुलाई तक लाभ संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत ग्राम डोकला में 01 जुलाई, बोहारडीह में 02 जुलाई, खैरडीगी में 03 जुलाई, कपरमेटा में 04 जुलाई, अर्जुनी में 07 जुलाई, चिरचारी में 08 जुलाई, बगदई में 09 जुलाई, नारागांव में 10 जुलाई, पोड़ में 11 जुलाई, कोचवाही 14 जुलाई एवं बड़भूम में 15 जुलाई को लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा।

#### नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

उन्होंने बताया कि लाभ संतृप्ति अभियान के तहत शिविर के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जिसके अंतर्गत ग्राम डोकला शिविर हेतु त्रिवेणी गंजीर, ग्राम बोहारडीह शिविर के लिए भरत पटेल और ग्राम खैरडीगी शिविर के लिए कौशल कुमार चंदन को सहायक नोडल अधिकारी तथा मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास कोचवाही मन्नम राणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम कपरमेटा में आयोजित शिविर के लिए आदिवासी बालक छात्रवास बड़भूम जीके सुधाकर को नोडल अधिकारी तथा शर्मिला जैन सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम अर्जुनी एवं चिरचारी में आयोजित शिविर के लिए मनीष मंडावी एवं ग्राम बगदई शिविर के लिए लीलाबंर बंजारे को सहायक नोडल अधिकारी तथा प्री ▶▶| शेष पेज 11 पर

## वनांचल के ग्रामीण 25 वर्षों से दंश झेल रहे

# नांहदा, कोसमी व करियाटोला के ग्रामीण बदहाल सड़क से बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कपरमेटा के अंतर्गत नांहदा, कोसमी, करियाटोला एवं ग्राम पंचायत टेंगना बरपारा से नांहदा तक सड़क अत्यंत जर्जर हो गया है। ग्रामीण बताते है कि फारेस्ट विभाग एवं राजस्व विभाग के अंतर्गत यह सड़क बना हुआ है। टेंगना से नांहदा से कोसमी एवं कोसमी व नांहदा के मध्य से होते हुए करियाटोला से हितेकसा तक सडक खराब हो चुका है। आज वनांचल के ग्रामीण 25 वर्षों से दंस झेल रहे है। जहां जहां डब्ल्यूबीएम सडक बना था। वहां गिट्टी बाहर आ गये है, चलने लायक नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे जनदर्शन, कलेक्टर, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों को आवेदन देते थक चुके है। केवल झूठा आश्वासन देकर ढाढस बंधा देते है। नांहदा से कोसमी सड़क बारिश के कारण खराब हो चुका है। बच्चें इसी रास्ते से सोरर हाईस्कूल पढ़ने जाते है। ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद अवैध खननकर्ता के खिलाफ कोई कार्यवाई नही होता है, जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। नांहदा, कोसमी एवं करियाटोला के ग्रामीण जर्जर सडक से गुजर कर ग्राम पंचायत भवन, राशन सामग्री लेने आते है। ग्रामीण सुशासन तिहार मे भी आवेदन दे चुके है फिर भी प्रशासन को कोई असर नही हो रहा है।



#### सड़क का हाल बेहाल फिर भी ग्रामीण चलने मजबूर

ग्रामीण खिलेश्वर सूर्यवंशी, तेजपाल मंडावी, गोपी मंडावी, सतीश मंडावी ने बताया कि गुरुर एवं कपरमेटा जाने के रास्ते ज्यादा खराब है, इसलिए सोरर हाईस्कूल में भर्ती हुए है लेकिन इस सड़क में रोज हाइवे से मुरुम खनन माफियाओं द्वारा रोज मुरुम निकाल रहे है, जिसके कारण सडक खराब हो चुका है। स्कूल जाने मे बारिश में सबसे ज्यादा परेशानी होगी। नांहदा से कपरमेटा सडक का भी बुरा हाल है। कपरमेटा के बच्चें मिडिल स्कूल पढने नांहदा स्कूल जाते है। बोल्डर बाहर निकल जाने एवं जगह जगह गढ्ढे होने के कारण बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जब से सडक बना है तब से आज तक मरम्मत नही हुआ है। सरपंच धनराज सोरी ने बताया कि सुशासन तिहार मे सड़क मरम्मत करने की मांग की गई है। टेंगना बरपारा के सरपंच लक्ष्मी पटेल ने बताया कि टेंगना से नांहदा के मध्य सड़क खराब हो चुका है। लेकिन पत्थर खदान एवं मुरम निकालने से बारिश में चलने लायक नहीं है।

# घोठिया का कालेज और स्कूल भवन जर्जर, अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



आदिवासी विकासखंड के ग्राम घोठिया में शासकीय कालेज पुराने स्कूल भवन में संचालित होने वाला भवन जर्जर हो चुका है जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

जिसके के जीर्णोद्धार की मांग के लिए जिला पंचायत सदस्य ने अपर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सोपा 2023-24 से घोठिया में शासकीय महाविद्यालय संचालित हो रहा है। फिलहाल अस्थायी रूप से संचालन के लिए प्रशासन ने पुराने स्कूल भवन का चयन किया था। वर्तमान मे बी.ए., बी.कॉम और बी.एस.सी. (जीव विज्ञान और गणित) के प्रथम और द्वितीय वर्श की कक्षा घोठिया के शासकीय कॉलेज में संचालित हो रही है। सभी विशयों को मिलाकर कॉलेज में 55 छात्र अध्ययनरत हैं। जिसने बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। पुराने स्कूल परिसर के भीतर अन्य भवन भी मौजूद है जो काफी जर्जर हो चुका है। अगर उसका मरम्मत हो जाता है तो छात्रों को पढ़ाई करने में काफी सुविधा होगी।

जिसके जिले जिला पंचायत सदस्य नीलिमा ष्याम ने सोमवार को अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौषिक से मुलाकात कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और खनिज न्यास निधी से जर्जर भवन के जीर्णोद्धार की मांग की ताकि कॉलेज के छात्रों को होने वाली समस्या से निजात मिल सके। जिस पर अपर कलेक्टर ने जिला पंचायत सदस्य नीलिमा ष्याम को आष्वासन देते हुए जल्द ही इसका स्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारंभ करने की बात कही।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** सीटीबी फाउंडेशन पार्षद जितेंद्र ताम्रकार एवं प्राचीन शिव गणेश मंदिर समिति लुचकी पारा के संयुक्त तत्वावधान में शिव मंदिर समीप रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ वंदना देवांगन एवं डॉ विशाल बख्शी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तदान की व्यवस्था आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा की गई। वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरिफ तिगाला, वार्ड 7 पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, मो तासीर, पार्षद वार्ड 8 खालिद रिज़वी, नरेश साहू, कालू भाई, बसंत ध्रुव, पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार, आशिफ अली, शाकिर पवार, मुन्नवर अली, गोपाल कसेर, अलताब आदि का सहयोग रहा।

### वार्ड 56 उरला में सुनी पीएम के मन की बात



**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 56 उरला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, योग, खेल और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जागरूकता और भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर युवा नेता नितेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम अपने आप में अद्भुत व प्रेरणास्पद है, जिसे न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सराहा जाता है। सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेशमा सोनकर, गोलू सोनकर, भीम, शुभम कोम्बे, तुषार राजपुत तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

### दिवंगतों की स्मृति में किया गया पौधारोपण

**भिलाई।** योग लंगर समिति और केसरी समिति रिसाली के संयुक्त तत्वावधान में योग परिसर दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में रविवार की सुबह समाजसेवी स्व. योगेंद्र मुन्ना पाण्डे की स्मृति में सघन पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्व मुन्ना पांडे के पिता त्रिभुवननाथ पांडे, परिवारिक जन नागेंद्र पाण्डे, क्षितिज, कार्तिकेय, धर्मेंद्र भगत, योग लंगर समिति के संस्थापक अशोक माहेश्वरी, शैलेन्द्र, अनुपम साहू, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित होकर पौधरोपण किया।

# बिना ई-वे बिल जा रही होंडा की गाड़ियों को जीएसटी अधिकारी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने होंडा कंपनी की नई बाइक व स्कूटर से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में जितनी भी गड़ियां लोड थीं उनका ई-वे बिल नहीं था। इसके बाद इसको लेकर कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई दुर्ग जीएसटी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट कमिश्नर नीता दीवान और आदेश वाहन अमन साहू ने मिलकर की। उन्हें शनिवार रात सूचना मिली थी कि सीजी 07 एनए 9159 ट्रक में होंडा कंपनी की नई स्कूटी और बाइक लोड करके ले जाया जा रहा है। लेकिन उनका कोई ई-वे बिल जनरेट नहीं किया गया है। सूचना मिलते ही नीता दीवान रात 9-10 बजे के करीब नेहरू नगर चौक के पास पहुंची। उन्होंने ट्रक को रोका। चेकिंग करने पर उसके अंदर 9-10 होंटी की बीएस 6 फेज 2 मॉडल की बाइक और स्कूटी लोड थी। जब दीवान ने ड्राइवर से ई-वे बिल मांगा तो वो नहीं दे पाया। इसके बाद वो उस गाड़ी को पकड़कर जीएसपी कार्यालय दुर्ग ले गईं। पूछताछ करने पर पता चला कि ये गाड़ियां दल्लीराजहरा स्थित होंडा शो-रूम से दुर्ग लाई जा रही थीं। इतनी दूर से गाड़ियों को लाने के बाद भी इनका ई-वे बिल जनरेट न होना ये दर्शाता है कि कहीं ना कहीं गाड़ियों में जीएसटी चोरी की आशंका को दर्शाता है।

### जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने नहीं दी जानकारी

#### गुपचुप की गई कार्रवाई

बिना ई-वे बिल के नई गाड़ियां ले जाते पकड़ी जाने के बाद भी जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इतना ही नहीं जब इसे लेकर अमन साहू से बात की गई तो उन्होंने कार्रवाई की बात को स्वीकार किया, लेकिन क्या कार्रवाई हुई और क्या कमी पाई गई, कितने की जीएसटी चोरी पाई गई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



#### मामला रफा दफा करने पहुंचा मालिक

रात में जैसे ही जीएसटी की टीम ने नई बाइक और स्कूटर से भारे ट्रक को पकड़ा उन गाड़ियों को मंगाने वाला व्यक्ति तुरंत सीजी 07 बीजेड 2500 से वहां पहुंचा। उसने मामले को रफा दफा करने की भी कोशिश की, लेकिन मीडिया के मौजूद रहने से जीएसटी अधिकारियों ने कार्रवाई की बात की। कार्रवाई के बाद भी अब तक यह नहीं बताया गया कि ये गाड़ियां किसकी थी और बिना ई-वे बिल के कैसे यहां तक लाई गईं।

**योजना : ब्लाक के 27 हितग्राहियों को सोलर पैनल का मिल रहा लाभ**

# पीएम सूर्य घर योजना से हितग्राहियों को न्यूनतम दर पर मिल रही बिजली सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के घरों में लगाए गए सोलर पैनल जिले के हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं उपयोगी साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बालोद जिले के अनेक घरों को किफायती दर पर बेहतर रोशनी एवं विद्युत आपूर्ति की सुविधा प्राप्त हो रही है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को मिल रहे न्यूनतम दर पर बेहतरीन सुविधा के फलस्वरूप बालोद जिलेवासियों में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

इस योजना की सफलता एवं सार्थकता का आंकलन इसी बात से किया जा सकता है कि बहुत ही कम अवधि में बालोद जिले के सभी विकासखण्डों से अब तक कुल 27 हितग्राही इस योजना के अंतर्गत अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर इसका लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर में सोलर पैनल लगाने वाले विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा निवासी एवं हिन्दूस्तान जिंक लिमिटेड के सेवानिवृत्त अधिकारी दयालू राम कोसमे ने सोलर ऊर्जा से मिल रहे लाभ से प्रसन्नचित होकर इसे अपने जैसे अनेक हितग्राहियों के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं उपयोगी बताया। दयालू राम कोसमे ने बताया कि वे लंबे समय तक राजस्थान राज्य के चितौड़गढ़ शहर में हिन्दूस्तान जिंक लिमिटेड में एसोशिएट जनरल मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। दयालुराम कोसमे ने बताया कि वे टेक्निकल फील्ड से संबंध रखने के कारण प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभ एवं विशेषताओं को भली-भाँति समझते भी है।



**60 हजार रुपए मिला अनुदान :** कोसमे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अपने घर में सोलर पैनल लगाने से उन्हें केवल 01 लाख 55 हजार रुपये की लागत आई है। इसमें से उसे केन्द्र सरकार के द्वारा कुल 60 हजार रुपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। इसके अलावा उन्हें राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की अनुदान भी मिलने वाला है। इस तरह से उन्हें इस योजना से कुल 90 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त होने वाला है। कोसमे ने आम नागरिकों से पर्यावरण की सुरक्षा तथा किफायती दाम में बेहतर विद्युत आपूर्ति की सुविधा प्राप्त करने हेतु इस योजना अंतर्गत अपने-अपने घरों में सोलर पैनल लगाने की अपील भी की।

#### 2 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया

कोसमे ने बताया कि 13 जून 2025 को अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने से पहले उनके परिवार को केवल परंपरागत बिजली के ऊपर ही आश्रित रहना पड़ता था। किंतु इस योजना के महत्व को समझते हुए 13 जून 2025 से अपने घर में 02 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाने से यह सोलर पैनल उनके लिए बहुत ही किफायती दर में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक सस्ता, सुलभ एवं बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। दयालु राम कोसमे ने बताया कि उनके घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगने से सौर ऊर्जा से उनके घर को बेहतर रोशनी मिलने के अलावा घर में पानी आपूर्ति आदि सभी कार्यों के लिए सौर ऊर्जा का ही उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर में लगे सोलर पैनल के उपयोग से बिजली की तुलना में बहुत ही कम खर्च आ रहा है। जिससे उन्हें अत्यधिक बिजली बिल की समस्या से भी निजात मिला है।

# हाई स्कूल गुदुम में कैरियर कॉउंसिलिंग कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी



शासकीय हाई स्कूल गुदुम में सीए श्रीमती पूजा जैन ने कैरियर कॉउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्रीमती पूजा जैन ने बच्चों को बड़े आसान तरीके से समझाया की किस तरह चार्टेड अकॉउंटेंड बना जा सकता है। परीक्षा के अलग अलग स्टेप,तैयारी व अन्य सभी जानकारी विस्तार से समझाया गया।सभी विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान से सुना। शाला में पहली बार इस तरह के कैरियर कॉउंसलिंग का कार्यक्रम हुआ।भविष्य में इसका लाभ विद्यार्थियों को अवश्य मिलेगा । कार्यक्रम के अंत मे संस्था प्रमुख श्रीमती बी. वैष्णव को CA श्रीमती पूजा जैन के द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। इस अवसर पर एस. एल.कोसमा,श्रीमती तारम,श्रीमती कौशिक,श्रीमती खरे,श्री बन्दे उपस्थित थे।

### निकुम महाविद्यालय में नया शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ



अंडा। शासकीय महाविद्यालय निकुम में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ शुरू, निकुम महाविद्यालय में लगभग 20 गांव से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं, महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू द्वारा प्रवेश के लिए उचित पहल किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में महाविद्यालय को विशेष पहचान मिलेगा, सुरेश कुमार साहू ने कहा सभी का निरंतर सहयोग मिल रहा है, महाविद्यालय संबंधित आसपास गांव में मुनियादी के लिए पंचायत को सूचना दिया गया है।

# सेवानिवृत पर गुप्ता को दी गई विदाई

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में कार्यरत अरविंद गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन का शासकीय सेवा से 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा शाल व श्रीफल भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में श्री अरविंद गुप्ता ने शासकीय सेवा में रहते हुये अपने अनुभव को सभी के साथ साझा किये।



महाविद्यालय परिवार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, सहायक प्राध्यापक, मयंक कुमार मंडावी, डॉ. ईश्वर लाल खरे, प्रदीप कुमार खरे, पुरूषोत्तम भुआर्य, संजय कुमार ठाकुर, टुशिका नायक, फुलेश्वरी ठाकुर, नेहा ध्रुवे एवं कर्मचारी दिनेश कुमार साहू, भुवन लाल, खोमेश्वर सारथी, ईश्वर लाल मानकर, घनश्याम सिंह, योगेश कुमार, लालू राम, धनाजी रावटे उपस्थित थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने लगाया 8 प्रमुख स्थलों पर चेकिंग पाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग पाइंट लगाया गया है। वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले के प्रमुख 8 स्थानों पर विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर 264 लापरवाह वाहन चालको पर कार्रवाई ई रक्शिा,ऑटो चालकों की लिस्टिंग की गई। 28 जून की शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक ट्रैफिक पुलिस, थाना स्टॉफ के द्वारा चेकिंग पाइंट में दो पहिया वाहन में तीन सवारी 25, बिना हेलमेट 36, तेज रफ्तार 11, बिना सीट बेल्ट 29 और शराब पीकर वाहन चालने वाले 5 चालको पर कार्रवाई की गई। रूआबांधा क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 34 चालको पर भी शिकंजा कसा गया। शराब पीकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालक का वाहन जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# विकसित भारत हम सभी का संकल्प है: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को रिसाली हिन्द नगर में बूथ नम्बर 106 वार्ड 31 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना।



चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की छोटी-छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। विधायक ने कहा कि विकसित भारत हम सभी का संकल्प है और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष अर्चना हिरवानी , किरण यादव, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे,कमलेश हिरवानी, गोपाल साहू, चोवा राम साहू, बालेश्वर यादव, शिवलाल साहू, भरत हिरवानी, महेश देशमुख, चंद्रिका सेवार, सुनीता चौहान, सुलोचना बिंदेश्वरी, ललिता साहू, मोंगरा देशमुख, प्रदेशनीन,राम कुंवर बैनर्जी, पूर्णिमा देशमुख, जमुना साहू, कामिनी साहू, दिव्या साहू, हिमांशु साहू, ए के श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# उद्योगों के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव : पीएन शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- इंटक कार्यालय में ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स पर सेमिनार

स्टील इंपलाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह द्वारा ''ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स'' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया । रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह ने यूनियन नेताओं को 5-डी सिद्धांत अपनाकर श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ औद्योगिक विकास में म भूमिका निभाने के लिए जागरुक किया।



महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक यूनियन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके जीवन स्तर में विकास के साथ औद्योगिक विकास पर भी जोर देती रही है इसके लिए राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड से लगातार सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है । उन्होंने सेमिनार मे इंटक के 41 श्रमिक नेता शामिल हुए जिसमें से 23 श्रमिक नेताओं ने नामांकन भी किया ।

राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पी एन साह ने कहा कि ट्रेड यूनियन का विकास होने से भिलाई इस्पात संयंत्र का विकास होगा एवं देश में उद्योगों के विकास से राष्ट्रीय विकास संभव हो पाएगा इसके लिए यूनियन नेताओं को 5 डी सिद्धांत पर फोकस करना जरूरी है । उन्होंने कहा कि फाइव-डी अर्थात डिजायर,ड्यूटी ,डिजाइन ,डेडीकेशन एवं डेस्टीनेशन को अपनाकर हम श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेंगे तथा कर्मचारियों, यूनियन नेताओ एवं प्रबंधन के बेहतर समन्वय से उद्योग का विकास होगा । सेमिनार में अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार किचलू .उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन, सच्चिदानंद पांडेय, राजाराम पांडेय, उप महासचिव शिव शंकर सिंह, सीपी वर्मा सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन. वरिष्ठ सचिव राजकुमार, रेशम राठौर, ज्ञानेंद्र पांडेय, सचिव डी शंकर, गोविंद राठौड़ विंसेंट परेरा रामजीत सिन्हा विजय विश्वकर्मा आरिफ मंजर अजय कुमार शाह, एन चंद्रा नायक, अरविंद प्रताप सिंह, आर देवांगन, जे बेंजामिन डीपी साहू बिन्नी पाल मलय कुमार बनर्जी सुरेंद्र प्रसाद अखिलेश्वर मानिक टी एस राजेश जेके सूर्य,वंशी डी मोहन राव, अजय खलखो, आर वेंकटराव राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

**संविधान बचाओ सभा में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा**

# केंद्र सरकार की वजह से रक्षा हितों का कत्ल होते जा रहा- भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- सिविक सेंटर कला मंदिर में हुआ संविधान बचाओ सभा

सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन रविवार को हुआ। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संविधान को बनाने में कई साल लगे। जिन लोगों ने इसे बनाया उन्होने दिन रात एक कर बमुश्किल से बनाया। अब केंद्र सरकार इस संविधान को ही बदलने जा रही है। इससे रक्षा हितों का कत्ल होता जा रहा है। राष्ट्र हित में संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोगों के हितों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होने बताया कि आज कांग्रेस को संविधान बचाओ सभा करने की क्यों जरूरत पड़ी।

#### केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। बघेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान का दुरुपयोग कर रही है और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी योजना, जो गरीब मजदूरों की आर्थिक रीढ़ थी, उसे बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार पर विदेशों के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज संविधान संकट में है और उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।




#### स्वतंत्र व निष्पक्ष विचार नहीं रख सकते - देवेन्द्र

भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज संविधान बचाना राष्ट्र हित में सबसे जरूरी हो गया है। केंद्र सरकार की मनमानी के चलते आज स्थिति ऐसी है कि पत्रकार तक स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर अपनी बात नहीं रख सकते। संवैधानिक लोकतंत्र को केंद्र सरकार की नीति से खतरा पैदा हो गया है। इस मौके पर भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, नीता लोधी, सीजू एंथोनी, भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष,एनएसयूआई सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गायकों ने गीतों की रिमझिम से संगीत प्रेमियों का तन-मन भिगोया

**भिलाई।** हिंदी फिल्मों के लेजेंड्री और बेजोड़ संगीतकार तथा गायक आरडी बर्मन की स्मृति में रागमंजरी ने गीतों की रिमझिम फुहारों से श्रोताओं के तन-मन को भिगो दिया। सावन के पहले पड़ी बारिश की बौछारों ने जहां संगीत प्रेमियों के लुभाया, वहीं सुरों की सरिता ने मन को तरबतर कर दिया।

पंचमदा की जयंती पर स्वामी आत्मानंद उद्यान व खेल परिसर में आयोजित सुर संध्या में एक अजनबी हसीना, होगा तुमसे प्यारा कौन, मेरी भीगी-भीगी सी पलकें, भीगी-भीगी रातों में, रिमझिम गिरे सावन, बड़ा नटखट है रे, प्यार दीवाना होता है, रात कली एक ख्वाब में आई, चुरा लिया है तुमने जो दिल को जैसे अमर फिल्मी गीतों का संगीत प्रेमियों ने आनंद किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचमदा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। फिर उसके बाद शुरू हुआ एक के बाद एक लगभग दो दर्जन फिल्मी तरानों का संगीतमय सफर। संगीत का खुमार ऐसा छाया कि गायकों के साथ श्रोता भी झूमझूम कर गाने लगे। इस दौरान लोगों ने गानों की फरमाइश भी की, जिसे गायकों ने पूरा किया।

आरडी बर्मन के सदाबहार गीत पेश कर सुरों की महफिल सजाने वाले रागमंजरी कराओके के कलाकारों में तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्ता, जीवनंदन वर्मा, सुरेश बारसागड़े, प्रमोद ताम्रकर, सुमन जोशी, राजेश्वरी साहू, वंदना देशमुख, तामेश्वर साहू और तिलक वर्मा शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### वीडियो, मैसेज वायरल के नाम पर ब्लैकमेल जीजा गिरफ्तार साली की तलाश में जुटी पुलिस



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने वीडियों और मैसेज को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले जीजा को गिरफ्तार किया है। साली अभी फरार है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नंदिनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज हुई है। वर्ष 2009-2010 में सिद्धार्थ नगर कोसा नाला भिलाई निवासी दामीनी सोनी से पीड़ित की पहचान हुई थी। दोनों आपस में बातचीत करते थे। वर्ष 2013-14 में दामीनी सोनी का विवाह हो गया। 2021 में दामीनी ने जितेन्द्र कुमार साहू को फ्रेंड रिकवेस्ट भेजा था। फिर मैसेज में आरोपिया दामीनी सोनी ने पीड़ित का मोबाईल नंबर मांगा था। मोबाईल फोन व वाट्सअप से दोनों का बातचीत करना शुरू हो गया। नजदीकीयां बढ़ने पर दोनो के बीच चैट और फोन बात होने लगी। दामीनी ने उसे अपने पास रख लिया था। इसके बाद वो जितेंद्र को ब्लैकमेल करने लगी। जब जितेंद्र ने उसकी बात मानने से मना किया तो उसने उसके मैसेज और कॉल रिकार्डिंग को वायरल करने की धमकी दी।

## पेज 9 के शेष

### सोसाइटियों में ...

सेक्टर प्रभारी गिरेन्द्र यादव, लवकेश यद्दु, गोपीराम साहू, भोलाराम साहू, केके कटेन्द्र, बूथ अध्यक्ष बसंत ठाकुर, रेखराम ठाकुर, युवराज साहू, बसंत चंद्राकर, उमेन्द्र राम साहू, राजाराम धनकर, ग्वाल सिंह साहू, धरम दास रात्रे, गिरधारी लाल चतुर्वेदी, पूरन महिपाल, आरती राम गंजीर, द्वारिका सिन्हा, घनाराम साहू, केदार साहू, रोमलाल साहू, मरई लाल पारधी, कुन्दल सिन्हा, रमशीला सिन्हा, होमप्रकाश साहू, खिलेंद्र साहू, जगतु राम साहू, पवन साहू, पूरन धनकर, कामता रात्रे, सुखदेव देवांगन, नारायण साहू, शिशुपाल पारधी, इतवार पारधी, मोहन लाल रात्रे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### ब्लाक के ...

नजर बनाए हुए हैं साथ ही वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बता दें कि खाद-बीज अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्या को गंभीरता से 30 जून के मध्य जिले के अंतर्गत आने वाले सभी सहकारी समितियों में एक दिवसीय धरना / प्रदर्शन किया गया । एक दिवसीय धरना / प्रदर्शन के तहत खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु मांग किया जा रहा है।

### नोडल और सहायक ...

मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास बड़भूम दानेश्वर वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम नारागांव में आयोजित शिविर में आदिवासी बालक छात्रवास बड़भूम जीके सुधाकर को नोडल अधिकारी तथा यशवंत नेताम मोबाईल सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम पोड़ में आयोजित शिविर के लिए योगेश कुमार साहू एवं ग्राम कोचवाही शिविर के लिए अंबिका कुंजाम को सहायक नोडल अधिकारी एवं आदिवासी बालक छात्रवास कोचवाही मन्नम राणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह बड़भूम में आयोजित शिविर के लिए आदिवासी बालक छात्रवास बड़भूम जीके सुधाकर को नोडल अधिकारी एवं धर्मेश मण्डावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

---

**आयोजन**

**संस्कृत संभाषण पर 10 दिवसीय शिविर का भव्य आयोजन किया**

# अनादि भाषा संस्कृत का भारतीय संस्कृति व संस्कार से गहरा नाता परंपराओं में उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर में संस्कृत आचार्य नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में 20 जून से 29 जून तक 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का भव्य आयोजन संस्कृत भारती के बैनर तले जामगांव आर आयोजित हुआ। रविवार को शिविर के समापन समारोह में अतिथि संस्कृत भारती के सह प्रांत मंत्री मेघनाथ साहू, आरएसएस के पूर्व प्रचारक हलधर महमल्ला, सेजस बेलहारी प्राचार्य वाईके साहू, सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर मंचासिन रहे। इस शिविर में जामगांव आर, नवागांव, बटरेल, बोरवाय ग्रामों के संस्कृत संभाषण प्रेमी जन लाभान्वित हुए। इस शिविर की एक खास बात रही कि मां बसंती अपने पुत्र फ़निश साहू के साथ पूरे 10 दिन संस्कृत संभाषण में भाग लिए। क्षेत्र के 3 बच्चे काशी जाकर 15 दिनों तक संस्कृत संभाषण में भाग लेकर लौटे।

■ जन्म से मृत्यु तक होने वाले संस्कारों में संस्कृत भाषा का है योगदान






### शादियों से संस्कृत संस्कृति और संस्कार का गहरा नाता है

मुख्यवक्ता संस्कृत भारती के सह प्रांत मंत्री मेघनाथ साहू ने कहा कि अनादिकाल से संस्कृत संस्कृति और संस्कार का गहरा नाता है भारत के घर घर में जब पूजा पाठ होती है तब मंत्रेच्चारण संस्कृत में गूंजने लगती है। संस्कृत को आम बोल चाल की भाषा बनाकर संस्कृति को बलवती बनाए जिससे घर परिवार समाज में गिर रहे संस्कार को बचाया जा सके। जीवन को संस्कारमय बनाने के लिए संतान को संस्कृत की शिक्षा अवश्य दे।

### संस्कृत से बहेगी संस्कार की गंगा

मुख्य अतिथि हलधर महमल्ला ने कहा कि दीप से दीप जलाते चलो संस्कृत की ज्योति से ज्योति फैलाते चले कारवां बनता चला जाएगा ।उन्होंने कहा कि आरएसएस का सतत प्रयास रहता है कि संस्कृत जन जन की भाषा बने और घर घर में संतानों के मुखारविंद से गूंजे वेद पुराण रामायण गीता भागवत और संस्कार की गंगा बह निकले।

### संस्कृत भारत की समृद्ध भाषा है जो विज्ञान में भी रोल प्ले करती है

सेजस बेलहारी प्राचार्य वाई के साहू ने कहा कि संस्कृत को वैज्ञानिकों ने विज्ञान के बढ़ते कदम में महती भूमिका निभाने वाली भाषा माना है क्योंकि संस्कृत ऐसी भाषा है जिसमें बोले गए प्रत्येक शब्द का मायने स्पष्ट होता है जबकि अंग्रेजी में अनेकों अर्थ निकलते है। संस्कृत अधिकांश भाषाओं की जननी है। प्राचार्य साहू ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और संस्कृत हमारे भारत की ऐसी समृद्ध भाषा है जिसमें विदेश भी अपना चेहरा निहारता है।संस्कृत संस्कार की भाषा है। जो बोला जाता है वहीं लिखा जाता है इसलिए कंप्यूटर को ऐसी भाषा ही पसंद है।

### मंत्रोच्चारण करता है मंत्र मुग्ध

जामगांव आर सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि संस्कृत भाषा आदर्श नागरिक बनाने में महती भूमिका निभाती है। यह भाषा लोगो के मन को लुभाती है जब संस्कृत में लय बद्ध मंत्रेच्चारण होता है तो उपस्थित सभी मंत्र मुग्ध हो जाते है। संस्कृत की संरक्षण के लिए शासन समाज को अग्रणी भूमिका निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय की मांग के अनुरूप अन्य भाषा का ज्ञान अर्जित करे लेकिन संस्कृत को आत्मसात कर जीवन को संस्कारित ऊंचाई अवश्य दे।

### संस्कृत संभाषण के लिए काशी गए थे 3 विद्यार्थी

परिवार सदस्यों के साथ संस्कृत संभाषण की विशेष दक्षता प्राप्त करने सेजस बेलहारी के छात्र शिवम् साहू, बटरेल छात्र द्वयय वामनी साहू, तृप्ति साहू नवागांव काशी गए थे। अतिथियों ने तीनों विधार्थियो का सम्मान किए।

### मां भी साथ रही संस्कृत संभाषण में

जामगांव आर में 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण सिखाने मां चंद्रकला साहू अपने पुत्र फ़निश साहू के साथ पूरे दिन पूरे समय साथ रही। अतिथियों ने सम्मान किया। संस्कृत संभाषण शिविर में आसकरण जैन किशोर साहू, नारद साहू, वीटी साहू, मुकेश साहू, खेमलाल यादव, अंगेश्वर साहू, वाईके साहू, पुष्पेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, मिथलेश कौशिक, तामेश्वरी साहू, भारती सोनबेर, ममता चंद्राकर, चंद्रकला साहू, खिलेश साहू, प्रतीक्षा ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

### संस्कृतभारती द्वारा कण्ठे कण्ठे संस्कृत

आचार्य नरेंद्र साहू ने कहा कि जन जन तक संस्कृत को प्रसारित करने के लिए कटिबध्द है। पूरे छत्तीसगढ़ में यह अभियान चल रहा हैं। यहां निःशुल्क दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गौरी निवास बोरवाय रोड में लगा है जिसमें जामगाँव आर से और बोरवाय से भी बच्चे के साथ बड़े बुजुर्ग महिलाएं, पुरुष, शिक्षक, शिक्षिकाएं सभी वर्ग के संस्कृतसम्भाषण सीखने आएं। इस शिविर के पालक रामखीलावन साहू शिक्षक थे। शिविर संचालन टोली में प्रधानपाठक खिलेश साहू, क्रीडाशिक्षिका चन्द्रकला साहू, बसन्ती साहू, सामाजिक कार्यकर्ता भारती सोनबेर, प्रधान पाठिका टामेश्वरी साहू, प्रधान पाठिका हुलसी नेताम, शिक्षिका ममता चंद्राकर, प्रधान पाठक छन्नूलाल साहू, पुष्पेंद्र साहू खेमलाल यादव का सराहनीय रहा। मोक्षलक्ष्मी कौशल्या, साक्षी, खिलेश्वरी, माही, मुनेश्वरी, बिंदिया, डिलेश्वरी, याचना, गुंजन, तनु, पलक, नीलम, वाणी, एकता, तुषार, ऋषभ, कुशल, हर्षित, फनीस, युगल, डिलेश्वर, लितेश, दुष्यंत कुमार, भूमि, यतीश ने संस्कृत संभाषण शिविर का लाभ लिए।

---

**बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करके पुस्तक प्रदान किया गया**

# नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत यानी भारत के भविष्य को संवारने की है बेहतर कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर एवं अध्यक्षता प्राचार्य ड़ी. आर. देवहरे ने किया तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम गुप्ता ,वरिष्ठ भाजपा नेता टेकसिंह छेदाम ,सदस्यगण सरोज पटेल व अंजना दुबे तथा शुभाषिणी राजपुत उपस्थित रही । अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के शैलचित्र पर पूजा अर्चना किया गया। अतिथियों के सम्मान में संस्था के बच्चों ने स्वागत गीत गाया तथा सरस्वती वंदना सहित सामूहिक नृत्य एवम प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कर पुस्तक प्रदान किया गया । इस अवसर मुख्य अतिथि जयेश ठाकुर ने कहा कि आज हम प्रवेश उत्सव के द्वारा इन नवप्रवेशी बच्चों के माध्यम से अपने भारत देश के भविष्य का स्वागत कर रहे है।आने वाले दिनों में जब हमारा देश विकसित भारत कहलायेगा तो विकसित भारत बनने की प्रक्रिया में इन नवप्रवेशी बच्चों सहित अनेक बच्चों का योगदान होगा। जिन नवप्रवेशी बच्चों का हम आज स्वागत कर रहे है ये हमारे देश के भविष्य है। श्री ठाकुर ने कहा कि संस्था के सभी शिक्षक साथियों ने वर्ष भर कड़ी मेहनत कर बच्चों को सफलता दिलाने में अपनी भूमिका निभाई है इस संस्था के सभी शिक्षक का आभार जिनकी प्रेरणा से इस शाला के बच्चे जिला स्तर सहित प्रदेश स्तर पर अनेक क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किए है। आपने इन बच्चों को सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत और अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव को बलराम गुप्ता, टेक सिंह छेदाम, श्रीमती सरोज पटेल सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। सत्र 2024-25 में कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेघावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया संस्था के प्राचार्य डी आर देवहारे द्वारा शाला प्रवेश उत्सव का महत्व बताते हुए नवप्रवेशी बच्चो को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन एन. आर. देशमुख व्याख्याता द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती एस. एस. जामवंते एवं दीपशिखा हिरवानी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।इस अवसर पर शाला परिवार के एम डी साहू, जी एल कुल्हारा ,श्रीमती रोहिणी नायक, जी एस आर्य , श्रीमती एस एस जामवंते , प्रीतम कंवर, श्रीमती कल्पना खरे,क्षमानिधि देवांगन,मंजू ताम्रकार, जोबिन मैथ्यू, श्रीमती किरण देवांगन ,दीपशिखा हिरवानी, सुश्री किरण ठाकुर, अभिषेक सहारे,डी के साहू, सुश्री मेनका ठाकुर, रश्मि पाण्डेय,(व्याख्याता) सुश्री विभा चंद्राकर,(प्रधान पाठक), सालिक राम पटेल,सीतेश साहू, सत्येंद्र स्वरूप वैष्णव, गुलशन कुमार साहू,सुश्री सुषमा बोरकर,(शिक्षक) अभिषेक शुक्ला,(प्रधान पाठक)शैलेष कुमार बरैया,श्रीमती तरन्नुम बानो,(सहायक शिक्षक) अमित चंद्राकर ,श्रीमती पूजा भेड़िया(सहायक शिक्षक विज्ञान), शशांक साहू(कम्प्यूटर शिक्षक), सुनील कुमार सोनवानी (ग्रंथपाल) सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव





**बालोद।** जिले के कचांदूर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्ष्ट में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी उपस्थित रही।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा कर अभिनंदन किया गया तथा उन्हें सम्मानित करते हुए पाठ्यपुस्तकें व शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने की बात अतिथियों ने कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा शिक्षा ही समृद्ध समाज की नींव होती है। बेहतर स्कूल भवन और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है और प्रत्येक बच्चें तक इसका लाभ पहुंचाना हमारा संकल्प है। जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा बालकों का उज्ज्वल भविष्य हमारे विकास का आधार है। शाला प्रवेश उत्सव न केवल बच्चों के लिए उत्सव है, बल्कि पूरे समाज के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है। हम मिलकर शिक्षा को गांव–गांव तक पहुंचाने हेतु कटिबद्ध हैं। कार्यक्रम में सरपंच दमयंती मार्कण्डेय, अध्यक्ष शाला विकास समितियुवराज मार्कण्डेय, पूर्व सरपंच संतोष चन्द्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष भूषण साहू, प्राचार्य डॉ. प्रीति मूले, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में बच्चें उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा पर्व को एक उत्सव के रूप में मनाया और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

---

# किसान संघ ने फसल की सुरक्षा को लेकर रैली लिकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



सोमवार को किसान संघ डोंडी द्वारा नगर में रैली निकाल कर धरना प्रदर्शन किया गया। खरीफ फसल की सुरक्षा तथा रखरखाव के तहत नगर वासियों ने एक सप्ताह पूर्व सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर घुमंतू मावेशीओं को व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए मांग पत्र सौपा था।

किसान नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में निकाय कार्यालय पहुंचे जहां पर किसान जिरखु मालेकर, खिलेंद्र भुआर्य, फागुराम आल्हा, बलिराम धनकर को चर्चा में सीएमओ संतोष देवांगन ने कहा कि हमारे डोंडी नगर में किसान निवासरत है और किसानों के फसल की हानि न हो वे भी चाहते है कि किसानों के मांग के अनुसार गोठान में मावेशी के लिए शेड चारा की व्यवस्था करवा दिए हैं तथा आने वाले समय में कोटाना भी रखवाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क पर घूम रहे मवेशियों को व्यवस्थित करने के लिए नगर पंचायत की ओर से 2 कर्मचारी भी देंगे। किसान संघ की ओर से भी 2 आदमी दिया जाना चाहिए ताकि घुमंतू पशुओं को गोठान तक पहुचाने मे आसानी हो सके। इस मौके पर किसान संघ के गेंदलाल मानकर ,कृष्णा नंदलाल रावटे, टेसू राम ,गौतम महार सिंह, सुखदेव यादव, जीवनलाल निर्मलकर, नोहरी भेड़िया, देवली धनकर, चुन्नी बाई मानकर सहित सैकड़ो की संख्या में किसान शामिल हुये।

## खाद-बीज की किल्लत कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बालोद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के आवाहन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय सभी सेवा सहकारी समितियां के सामने खाद और बीज की कमी को लेकर एर दिवासीय धरना प्रदर्शन किया गया।

जिसमें बाजार चौक मालीघोरी दूधली से प्रदर्शन करते हुए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दुधली के सामने नारेबाजी की गई, साथ ही नायब तहसीलदार एवं प्रभारी प्रबंधन समिति को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें विधायक डोंडी लोहारा अनिला भेड़िया, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, धरना प्रभारी दामेश्वर देशमुख, जॉन प्रभारी गंगाराम देशमुख, सेक्टर प्रभारी लोकनाथ निषाद, शिव भजन साहू, मोहम्मद इसाक खान, रघुनाथ प्रकाश, रामकुमार, नर्सिंग, पीलू राम, मदन, कन्हैया राम, लखन, ओमकार, अशोक, मोहन, खिलेश्वर, खोरबाहरा, चेतू, राम कुमार, डोमन सिंह, गोवर्धन, दयाल, पुनीत, अर्जुन, कृष्ण, प्रेम, शंकर देशमुख, सोमनाथ निर्मलकर सहित बहुत से किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम – दानीटोला, पोस्ट – भैसबोड़, तहसील – डौंडी, जिला – बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक/ 2912/प्र.तह./2025

गुरूर, दिनांक 30.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी हसदा प.ह.नं. 02 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय लक्ष्मी आ. खिलानंद जाति तेली निवासी हसदा तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के स्वयं विजय लक्ष्मी आ. खिलानंद की जन्म दिनांक 25.06.1981 को ग्राम हसदा में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09.07.2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरूर


जीवेत शरदः शतम्
हमारे मार्गदर्शक, तेजतर्रार, जुझारू
मान. श्री दुर्गानंद साहू जी
को 1 जुलाई को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं..
मान. श्री दुर्गानंद साहू जी
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत, गुरूर

राजेन्द्र साहू
युवा सरपंच
ग्राम पंचायत, बोहारडीह

डोमनलाल गंगबेर
सरपंच
ग्राम पंचायत, भुलनडबरी

रवि साहू
मंत्री
भाजयुमो, गुरूर

## खबर संक्षेप



### विधायक कुंवर ने क्षेत्र की खुशहाली के लिए मोंहदीपाट बाबा में पूजा अर्चना की

**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद व उनकी धर्म पत्नी दंतेश्वरी निषाद जय मोंहदीपाट बाबा में अपनी मनोकामना अनुसार ग्राम मोंहदीपाट स्थित मोंहदीपाट बाबा में घोड़ा चढ़ाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया, उन्होने साथ ही क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। विधायक कुंवर सिंह निषाद व उनकी धर्म पत्नी दंतेश्वरी निषाद जय मोंहदीपाट बाबा में अपनी मनोकामना अनुसार ग्राम मोंहदीपाट स्थित मोंहदीपाट बाबा में घोड़ा चढ़ाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया, उन्होने साथ ही क्षेत्र के खुशहाली की कामना की।

### छात्रों का मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**गुण्डरदेही।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल तवेरा मे शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल तवेरा, शासकीय प्राथमिक शाला मचौद, शासकीय प्राथमिक शाला भेंड्रा, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी ब के नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत व मुंह मीठा कर प्रवेश दिलाया। वही गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक सामग्री भी भेंट किया गया। इस अवसर पर सरपंच तवेरा शैलेंद्र निषाद, तवेरा सोसायटी अध्यक्ष तेजराम साहू, प्रभारी प्राचार्य एचके बघेल, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक आईएस साहू, प्राथमिक शाला से महोलिया एवं मचौद भेंन्डरा खपरी ब के प्रधानपाठक तथा पालक उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने शिक्षकों की मांग को लेकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा



**गुरूर।** ग्राम चिरचारी के ग्रामीणों ने शिक्षको की मांग करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि शासकीय प्राथमिक शाला चिरचारी मे युक्तियुक्तकरण के तहत तीन शिक्षको को अन्यत्र शाला में पदस्थापना कर दी गई है। जिसके विरोध मे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, कलेक्टर बालोद को पूर्व में पदस्थ शिक्षको की मांग हेतु आवेदन दिया गया है। परंतु आज पर्यन्त इस पर कोई कार्यवाही नही किया गया। इसलिए उक्त आवेदनो में कोई कार्यवाही नही होने के कारण अपने बच्चों को मांग पूरी होने तक शाला नही भेजने का निर्णय ग्रामीणो ने सर्वसम्मिति से लिया है।

### मकान से लाखों की चोरी

**भिलाई।** घर में ताला लगाकार परिवार सहित शादी में गए जैन भोजनालय के संचालक बसंत कुमार जैन के घर में लाखों की चोरी हो गई।

सहगांव,जाटादाह, झरनटोला, मरकामटोला, भालूकोन्हा, गैंजी, सेम्हरकोन्हा, माईपारा के ग्रामीण हुए लाभान्वित

# लाभ संतृप्ति शिविर में जनजातीय परिवार के लोगों को गैस कनेक्शन, श्रम, जाब कार्ड मिले






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर जनजातीय परिवार के लोगों एवं हितग्राहियों के लिए अनेक दृष्टि से अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। अलग–अलग तिथियों में जिले में लगातार आयोजित हो रहे शिविरों में निरंतर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को विभिन्न सौगात मिल रहा है।

इसी कड़ी में आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में सहगांव सहित आसपास के ग्राम जाटादाह, झरनटोला, मरकामटोला, भालूकोन्हा, गैंजी, सेम्हरकोन्हा, माईपारा, खड़बत्तर, झींकाटोला, पीपरखार ख, किल्लेकोड़ा, खोलझर, पिंगाल, भिमदो, लमती एवं तुमड़ीकसा के हितग्राही एवं ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का सौगात मिला। सहगांव शिविर में शासन के विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होकर ग्रामीण एवं हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। केन्द्र सरकार के मंशानुरूप आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के दौरान उनके बहुप्रतीक्षित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण होने पर आदिवासी समाज के हितग्राहियों एवं ग्रामीणों ने लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को अपने लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभप्रद बताया है।

ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आज हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 14 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 25 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 04 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, 01 हितग्राही को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, वनाधिकार पत्रधारी 02 हितग्राहियों को मछली पालन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा शिविर में आज 21 हितग्राहियों का सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में चिकित्सकों के द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

### हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में आज ग्राम सहगावं निवासी श्रीमती जोहतरीन बाई ने आयुष्मान कार्ड बनने तथा शंभुराम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई प्राप्त होने पर शिविर आयोजन की भूरी–भूरी सराहना करते हुए लाभ संतृप्ति शिविर को अपने जैसे गरीब परिवार के अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इसी तरह शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने से अन्य ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने शिविर आयोजन की सराहना की। उल्लेखनीय है कि आज शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। ग्राम सहगाव में आज आयोजित शिविर में रिमझिम बारिश के फौव्वारों के बीच बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर शिविर में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।



## आमापारा यादव भवन क्षेत्र में भाजपा ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा युवा नेता अभिनव यादव द्वारा केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के जन्मदिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के आमापारा स्थित यादव भवन के आस पास पौधा रोपण किया गया। अभिनव यादव ने इस दौरान लोगो को एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने उसे संरक्षित करने के प्रति जागरूक किया गया।

अभिनव यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के जन्मदिन के अवसर पर यादव भवन के आस पास पौधो का रोपण कर आस पास के लोगो को इसका बैनर पोस्टर के माध्यम से इसके महत्व के बारे मे जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रकृति, मातृत्व और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक कहते हुए उन्होने अपील की कि अपने जन्मदिन को मां के नाम समर्पित करते हुए उस दिन पेड़ लगाकर उस दिन को और भी यादगार बनाने की बात करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे एक महत्वपूर्ण योगदान देने की लोगो से अपील की। वही इस दौरान अभिनव यादव के इस एक पेड़ मां अभियान के तहत जागरूकता अभियान से जुड़ने बड़ी संख्या मे आस पास के युवाओ के साथ महिलाएं व पुरूश स्वयं से पहुंचकर उक्त कार्यक्रम मे सम्मिलित होते दिखे।

## पूर्ण वेलफेयर फाउंडेशन ने खोला दिव्यांगों के लिए आवासीय प्रशिक्षण केंद्र



**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार मे पूर्ण वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग आवासीय निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक संगीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि गुरुर विकास खण्ड के दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिसमे दिव्यांग जनों को लाभ लेना चाहिए। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि निःशुल्क दिव्यांग बच्चों के लिए जो स्कूल खोले है, वह बहुत ही योगदान है। ब्लाक के सभी बच्चों आगे बढ़ाने के लिए यह सराहनीय कार्य है। पूर्व मंडल गुरुर कौशल साहू, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने भी संबोधित किया। जनपद सभापति संध्या साहू, सभापति सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, सभापति दिनेश्वरी सिन्हा, जनपद सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू, जनपद सदस्य गणेश्वरी खरेंद्र, सरपंच भोथली चुन्नी महेंद्र साहू, चेदांडी लोहार, मैनेजर हीराचंद रखेजा, अश्वनी सिंह, संस्था की अध्यक्ष एकता साहू, उपाध्यक्ष साक्षी साहू, सचिव हेमलाल साहू, कोषअध्यक्ष कमलकांत साहू, सदस्य डॉ. महेंद्र साहू, अर्चिता दलबेहरा, पार्षद गिरधर ठाकुर, मधुजगदल्ले बिन्दा यादव, चंद्रलता साहू एवं चंदू गांधी उपस्थित थे। उक्त संस्था में दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ है।

## सरस्वती की पूजा अर्चना कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला परसदा डंगनिया मे शाला प्रवेश उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विशेष अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपत पंचायत गुण्डरदेही, कांति सोनेश्वरी जिला पंचायत सदस्य, कुलदीप साहू मंडलअध्यक्ष ओटेबंद, नवीन यादव शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही, अध्यक्षता सत्यवती साहू सरपंच परसदा के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अथितियों का सम्मान बच्चों, शाला परिवार की ओर से बाजे गाजे के साथ मंचस्त आसीन किया गया।

अथितियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना, बच्चों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना, स्वागत गीत, प्रस्तुति दी गई। कक्षा 1ली 6वी में नव प्रवेशी बच्चों का अथितियों के द्वारा तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए पुस्तक, गणवेश वितरण किया गया। शाला के उपलब्धि नवोदय विधालय में 2019 से 2025 तक प्रति वर्ष चयन कर 9 बच्चे अध्ययन, प्रयास में 4बच्चों का चयन, राष्ट्रिय सह साधन छात्र वृत्ति में 6 बच्चों का चयन हुआ है। इस चयन में सभी बच्चों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट शिक्षण की दायित्व करने वाली शिक्षिका दीपेश्वरी साहू, रूखमणी देवी चंद्राकर को जन समुदाय पालकों द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण सम्मान श्री फल, सिल्ड से सम्मानित किया गया। इस शाला के प्रति जन समुदाय के द्वारा मंदिर निर्माण, एलईडी टीवी, प्रिंटर, माइक सेट, वॉटर प्रिजर,शाला सजावट, क्यारी मे नल कनेक्शन, आदि मे विशेष योगदान हैं।

इस शाला के प्रति विशेष योगदान श हिलेश्वर साहू , एवम जन जागृति अभियान साथी का भी रहा है। अंत में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलांबर, रेशमा साहू, प्रधान पाठक महेश चंद्राकर , यीतेश धुर्वे समस्त स्टॉफ गण के द्वारा अथितियों को श्री फल, शाल, शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## प्रवेशोत्सव में गुण्डरदेही में कापी-किताब व ड्रेस बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

पूर्व माध्यमिक शाला गुण्डरदेही में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर, छगन सोनकर, प्राचार्य चौधरी, एसएमडीसी अध्यक्ष लालवीर राजपूत, छात्र नेता नीतीश राजा सोनकर, विद्यालय के समस्त शिक्षक गण, नव प्रवेशी छात्र – छात्राएं शामिल हुए।

शाला उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र –छात्रओं को कॉपी पुस्तक ओर स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया, साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने स्कूल प्रांगण के कला मंच में टीन शेड के लिए 10 लाख की घोषणा की साथ ही स्कूल की मूलभूत आवश्यकताओं और जो स्कूल जर्जर स्थिति में है उनको तोड़ने के लिए और नए भवन के लिए प्रस्ताव बना शासन से मांग करने की बात कही।

प्रमोद जैन ने बच्चों से कहा कि यहां आपको सिर्फ पढ़ाई ही नहीं करनी है बल्कि अनुशासन और सहिष्णुता सीखनी है एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखना है खेलकूद में भाग ले। पाठ्येतर गतिविधियों में हिस्सा लिया और अपनी रुचियां को पहचानते हुए हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें और हमेशा कुछ नया सीखने के लिए उत्सुक रहे।

## खोलझर शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत





हरिभूम न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शास उच्च माध्य विद्यालय खोलझर, शास पूर्व माध्य शाला एवं शा प्राथ शाला खोलझर में 24 जून दिन मंगलवार को संयुक्त रूप से पूर्व माध्य शाला के प्रांगण में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों का स्वागत गुलाल लगाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी विश्वकर्मा ग्राम पंचायत सरपंच, संतोष कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शाउ मा वि खोलझर, कपिल कृषाण अध्यक्ष पूर्व माध्य शाला, जगदीश राम चुरेन्द्र अध्यक्ष शा प्रा शाला खोलझर, लखनलाल कोमार्य उपसरपंच, वासुदेव विश्वकर्मा ग्राम रोजगार सहायक, श्रीमती कांती बाई, श्रीमती तिलेश्वरी तारम, श्रीमति यशोरिया, श्रीमती अश्वनी कंवर, श्रीमती संवली बाई खरे पंच एवं फत्तेलाल खड़हा आदि उपस्थित थे। शाला प्रवेशोत्सव में कक्षा पहली कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के नव प्रवेशी बच्चों का सभी अतिथियों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया एवं मुंह मीठा कराया। नवप्रवेशी बच्चों के चेहरे में नव-उल्लास झलक रहा था, सभी हर्षित दिखाई दे रहे थे। नवप्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया। सरपंच महोदया के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पेन और कापी वितरित किया गया।

### नियमित स्कूल आने की दी समझाइश

सरपंच ने बच्चों को रोज स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। संतोष साहू अध्यक्ष द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। जगदीश राम चुरेंद्र वरिष्ठ नागरिक ने बच्चों से कहा- खूब पढ़ें, खून बढ़ें। इस अवसर पर अर्जुनलाल देवांगन प्रधानपाठक माशा, हीरालाल सिन्हा प्रधानपाठक प्रा शा, टी के साहू, आरके देवांगन, श्रीमती आरू पहमा रेड्डी, श्रीमती प्रमिला यादव, श्रीमती जी आलसरे, श्रीमती वी चुरेन्द्र, श्रीमती सी भण्डारी व्याख्याता, एस मोहंती व्यायाम शिक्षक, जमुना प्रसार खरे, डी आर चुरेन्द्र, श्रीमती एस अजगले, श्री बारले सर शिक्षक आदि उपस्थित थे।

**पौधों का किया रोपणः** अतिथियों के द्वारा शा उ मा वि एवं पूर्व माध्य शाला के प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत फलदार एवं छायादार पेड़ लगाए गए।श्रीमती धनेश्वरी विश्वकर्मा (सरपंच) के द्वारा न्यौता भोज का विशेष आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन एल घरेन्द्र प्राचार्य ने व मंच संचालन डी आर आर्य व्याख्याता ने किया।

### नशे की दवा को बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें चार तो पहले गिरफ्तार हो गए थे और एक आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 22 मई को उतई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेलूद पाटन रोड के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बेच रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल पर नहीं हो रही अपेक्षित कार्रवाई

## देशी की जगह गोवा शराब की बिक्री पर मदिरा प्रेमी बिफरे, कोचियों की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शासकीय देशी शराब दुकान कुसुमकसा में शासन के नियमो को ताकपर रखकर देशी शराब की जगह अंग्रेजी शराब गोवा बिक्री किए जाने का मदिराप्रेमियो ने विरोध किया है। पदस्थ सुपर वाइजर द्वारा उक्त संबध में जानकारी लेने पर ऊपर के आदेशानुसार गोवा शराब की बिक्री देशी शराब दुकान में करने की जानकारी दी।

मदिराप्रेमियो ने शिकायत करते हुए बताया की कुसुमकसा में शासकीय देशी शराब व अंग्रेजी शराब की दुकान अलग _अलग है ,लेकिन पदस्थ सुपरवाइजर के द्वारा देशी शराब की जगह अंग्रेजी शराब गोवा की बिक्री करने की बात कही। देशी शराब दुकान में ग्रामीणों द्वारा देशी शराब मांगने पर अभी नहीं मिलेगा गोवा शराब लेना है तो लो नही तो जाओ कहकर कड़ा जवाब दिया जाता है , जिससे आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है ,जबकि अनेक मदिराप्रेमी देशी शराब के पव्वा की खरीदी करने 80 रूपये ही लेकर पहुंचे रहते है और देशी शराब ना मिलने पर शासन प्रशासन को कोसते वापस जाते है या फिर दो साथी बराबर राशि मिलाकर गोवा शराब खरीद कर मजबूरी में अपना शौक पूरा करते है , इस दरम्यान मदिराप्रेमियो ने देशी शराब दुकान के सुपरवाइजर पर पछपात का आरोप लगाते हुए बताया की शराब कोचियो को शराब दुकान के पिछले दरवाजे से देशी शराब का पव्वा पेटी के पेटी दिया जाता है जिसे शराब कोचिये थैलों में भरकर दो पहिया वाहनों से ले जाते है , जिसको देखकर लगता है की आबकारी विभाग ने कोचियों को माल देने की खुली छूट दे दी हो।

### अधिकारी ने बात नहीं हुई

जिला आबकारी अधिकारी बालोद से मोबाइल पर उक्त संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### 80 की जगह 90 या 100 रुपए की वसूली

शासकीय देशी व अंग्रेजी शराब दुकान मुख्य मार्ग से लगभग एक किलोमीटर अंदर होने के कारण ना तो आबकारी विभाग और ना ही पुलिस विभाग नियमित दौरा करते है जिसके कारण शराब कोचियों की पौ बारह है ,सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार देशी शराब दुकान में 80 रूपये में बिकने वाला पव्वा को कोचियों को 90 से 100 रूपये में पिछले दरवाजे से जितनी चाहिए उतना दिए जाने की जानकारी मिली है। मदिराप्रेमियों ने कहा की शासन द्वारा देशी व अंग्रेजी शराब की बिक्री के लिए अलग अलग दुकान खोला गया है तो पदस्थ सुपरवाइजर द्वारा शासन के नियमो को दरकिनार कर देशी शराब दुकान में देशी शराब का पव्वा नहीं होने की बात कह कर वही दुकान से लगातार दो तीन घंटे तक अंग्रेजी शराब गोवा की बिक्री करना और मदिराप्रेमियो के द्वारा हल्ला करने के बाद पुनः देशी शराब का पव्वा का बिक्री करना से लगता है की शराब दुकान में पदस्थ सुपरवाइजर द्वारा कुछ तो गड़बड़ किया जा रहा है जिसमे ऊपर के लोगो की सहभागिता है ,उक्त शराब दुकान से कोचियों को दिए जा रहे अवेध शराब पर व अवेध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने की मांग की है।

